## एक नजर में

### जिला अधिवक्ता संघ की कार्यकारिणी में तीन महिला सदस्य हुई नामांकित



**बुरहानपुर।** जिला अधिवक्ता संघ बुरहानपुर के निर्वाचित विभिन्न पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्यों की परिषद में 3 और महिला अधिवक्ता सदस्यों को नामांकित किया गया और उन्हें संघ के अध्यक्ष सतनारायण वाघ ने मनोनयन पत्र जारी किए। इन 3 महिला सदस्यों के साथ संघ की कार्यकारिणी 17 सदस्यों की हो गई है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला अधिवक्ता संघ के सचिव एडवोकेट संतोष देवताले ने बताया कि पूर्व में माननीय उच्चतम न्यायालय के समक्ष एक पिटीशन में देश की प्रत्येक जिला अधिवक्ता संघ की कार्यकारिणी में अधिवक्ताओं की निर्धारित संख्या के अनुसार 30 महिलाओं का आरक्षण किया जाना चाहिए। इस संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने आदेश पारित किया था कि जहां जहां जिला धिवक्ता संघ के निर्वाचन सम्पन्न हो चुके हैंएवहां यदि निर्वाचित कार्यकारिणी में महिलाओं की संख्या निर्धारित सदस्य सदस्यों के अनुपात में 30 से कम है, तो उसे तुरंत मनोनयन के माध्यम से नामांकित किया जाना चाहिए। इस आदेश के तुरंत बाद जिला अधिवक्ता संघ बुरहानपुर की कार्यकारिणी की आहूत की गई बैठक में सर्वानुमति से निर्णय लेते हुए राखी जैन, सरोज गांधी व आरती दिनेश चौहान के नाम की अनुशंसा का पत्र प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश महोदय के माध्यम से उच्च न्यायालय, जबलपुर को प्रेषित किया गया था और कार्यकारिणी की अनुशंसा के आधार पर तीनों ही महिला अधिवक्ताओं को बुरहानपुर जिला अधिवक्ता संघ की परिषद में कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नामांकित किया गया है। इस आशय का पत्र प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा कल जारी किया गया और उसी के अनुशरण में संघ के अध्यक्ष सतनारायण वाघ ने आज तीनों ही महिला अधिवक्ताओं को यह नियुक्ति पत्र जारी किया है।

अब जिला अधिवक्ता संघ के कार्यकारिणी बढ़कर 17 सदस्यों की हो गई हैए ज्ञात हो कि 5 माह पूर्व संपन्न हुए निर्वाचन में अध्यक्ष सतनारायण वाघ, उपाध्यक्ष विजय मेढ़े, सचिव संतोष देवताले, सह सचिव निखिल खंडेलवाल, लाइब्रेरियन, सुरेश लोढे, कोषाध्यक्ष घनश्याम शाह, कार्यकारिणी सदस्यों में शांताराम वानखेड़े, रजनी चौहान, मंगेश इंगले, नूर मंसूरी, संदीप शाह, हितेश उदासी, मोईज मोटरवाला, रूपाली महाजन निर्वाचित हुए हैं। इस मनोनयन पर वरिष्ठ अधिवक्ता मोहनलाल प्रजापति, दिनेशचंद्र कोरावाला, नितिन पटेल, हेमेंद्र गोविंदजीवाला, कस्तूरचंद टांक, शैलेंद्र कपूर, दिनकर इंगले, विनय शाह, उबेद शेख, संजय शाह व अन्य अधिवक्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

### श्रीराम गुरुजी को मातृ शोक, दी श्रद्धांजलि



**बुरहानपुर।** ग.भा.सरला बाई गुरुजी स्वर्गीय मुरलीधर पांडूरंग जी गुरुजी की धर्मपत्नी एवं श्री राम मुरलीधर गुरुजी इनकी माताजी का स्वर्गवास दिनांक 27/3/2026 को रात्रि 10.40 को हुवा। उनकी अतिम यात्रा शनिवार सुबह 11 बजे उनके निज निवास स्थान बरडीया जिन के पीछे, बुरहानपुर से निकाली जाकर अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर समाज बंधु, स्थानियजन भारी संख्या में उपस्थित थे। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता एवं विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस, भाजपा जिला महामंत्री चिंतामन महाजन, कैलाश पारीक सहित अन्य ने शोक संवेदना व्यक्त की।

### विधायक अर्चना चिटनिस को दी बधाई



**बुरहानपुर।** प्रदेश भाजपा प्रवक्ता, पूर्व कैबिनेट मंत्री और विधायक अर्चना चिटनिस दीदी को जन्मदिन के शुभ अवसर समाजसेवी जसपाल सलूजा, पुर्व भाजपा मिडिश्या प्रभारी राकेश गुलाबंचन्द पूर्वे, सुनील महाजन, हितेश मंडलोई ने आदर्णीय अर्चना चिटनिस दीदी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इसके पश्चात ग्राम धामनगांव में आयोजित नौ दिवसीय ग्रामोदय मेले में शामिल होकर सुप्रसिद्ध भजन गायक अरुण लखखा जी के प्रेरणादायी भजनों एवं वचनों को श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। जनसेवा, संस्कृति और आध्यात्म का यह संगम समाज को नई ऊर्जा और सकारात्मक दिशा प्रदान करता है।

### बस स्टैण्ड पर बढ़ता अतिक्रमण बना विवाद का कारण, निगम से तुरंत हटाने की मांग ...



**बुरहानपुर।** बुरहानपुर के पुष्पक बस स्टेण्ड के चारो और मोटरसायकल ऑटोपार्टस दुकान के सामने मेकेनिको द्वारा 10 फीट तक अतिक्रमण करने से 20 फट का रोड 5 फीट भी नही बचता है। जिसके चलते आए दिन इस मार्ग पर विवाद होते रहते है। शनिवार को भी सायं ऐसा ही एक विवाद हुवा जिसमें एक समाचार पत्र के प्रतिनिधी निखिल अग्रवाल के साथ मेकेनिको एवं फ्रुट व्यापारी द्वारा झुमाझटकी की गई। इस प्रकार की दादागीरी किसी दिन बडी धटना का वायस बन सकती है। निगमायुक्त एवं पुलिस विभाग तत्काल अतिक्रमण हटवाए।

### मोमिन जमातखाना में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**बुरहानपुर।** ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा 28 मार्च शनिवार को मोमिन जमातखाना, बुरहानपुर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 96 से अधिक मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर में ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के डॉ.प्रशांत खैरनार मूत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ.प्रवीण बोर्डे मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ.राहुल खांडेकर ;नाक कान गला रोग विशेषज्ञ, डॉ.दिव्येश लाड ;एम.डी.मेडिसिन, डॉ. अकरम खान और अमित नायडू ;नेत्र रोग विभाग के द्वारा इस मौसम में होने वाली स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का परामर्श किया गया। सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने एवं सुरक्षित रखने की सलाह दी। सभी मरीजों का नि:शुल्क, शुगर जनरल चेकअप एवं ब्लड प्रेशर की जाँच की गई। ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के संचालक श्री कबीर चौकसे जी के दिशा निर्देशन मे और श्री हाजी मोहम्मद इब्राहीम के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

## नगर निगम ने कबाड़ से जुगाड़ कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

### वेस्ट मटेरियल से बनाई जा रही है खूबसूरत डेकोरेशन आर्ट



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव के निर्देशानुसार एवं सहायक आयुक्त स्वर्णिका वर्मा के मार्गदर्शन में नगर निगम टीम के साथ मे टीम मिलकर शहर में 3 गार्डन को आकर्षित बनाने एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारी करते हुए ट्रेंचिंग ग्राउंड पर कचरे में आ रही प्लास्टिक की बोतले, मटके, तेल की कैन पुराने ड्रम ए टायर आदि वस्तुओं का उपयोग करते हुए कबाड़ से जुगाड़ किया जा रहा है जिसमे पौधे लगाने के लिए गमले, मटकों, टायरों को एवं प्लास्टिक की बोतलों को कलर कर सजावटी वस्तुए बनाकर लोगों को पुराने वस्तुओं का फिर से उपयोग करने का संदेश दिया जा रहा है।

सहायक आयुक्त सोने का वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत प्रदेश भर में वेस्ट टू बेस्ट अभियान से चल रहा है, जहाँ कबाड़ से उपयोगी और कलात्मक वस्तुएं बनाई जा रही हैं। नगर निगम टीम एन जी ओ समूह पुरानी बोतलों, टायरों और प्लास्टिक कचरे का उपयोग कर पार्क, बैठने की जगह और सजावटी सामान तैयार कर रहे हैं। यह प्रयास न केवल शहरों को स्वच्छ बना रहा है, बल्कि तकनीक के माध्यम से सर्कुलर इकोनॉमी को भी बढ़ावा दे रहा है। वेस्ट मटेरियल से बनाई जा रही सजावटी वस्तुएं और फर्नीचररू बेकार पड़े टायरों और प्लास्टिक बोतलों से गमले, बैठने की कुर्सियां और मेजें बनाई जा रही हैं।

**कलाकृतियां और घर की सजावट:-** ई.वेस्ट से डेकोरेशन आइटम और प्लास्टिक लिफाफों से गुलदस्ते बनाए जा रहे हैं। कचरा कम करना लैंडफिल पर कचरे के बोझ को कम करना। पुन: उपयोग कबाड़ को संसाधन में में बदलना।

इस दौरान सहायक आयुक्त सुश्री स्वर्णिका वर्मा उप स्वास्थ्य अधिकारी गणेश पाटिल रामेश्वर महाजन गोवर्धन चौहान दीपक परदेसी नीरज परदेसी आदि उपस्थित थे।

### गर्मी के मद्देनजर निगम आयुक्त ने फायर ब्रिगेड स्टेशन का किया निरीक्षण



ग्रीष्मकाल में अत्यधिक बढ़ते तापमान को देखते हुए नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री प्रेम कुमार साहू ने आज प्रगति नगर में स्थित नगर पालिका निगम के फायर स्टेशन का निरीक्षण किया। गर्मी में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए फायर स्टेशनों का निरीक्षण किया हैए अनुसार आधुनिक उपकरणों व तैयारियों का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने कर्मियों को सतर्क रहने और आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों को सक्रिय रखने के निर्देश दिए हैं। निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने तैयारियों का जायजा लेते हुए निरीक्षण के दौरान दमकल वाहनोंए पंपों और अन्य अग्निशमन उपकरणों की कार्यक्षमता की जाँच की गई। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए फायर ब्रिगेड को 24/7 तैयार रहने के निर्देश दिए हैं। आग लगने की स्थिति में स्थानीय फायर स्टेशन या 101 पर कॉल करने की सलाह दी गई है। इस दौरान निगमायुक्त ने दमकल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और दमकल उपकरणों व मशीनरी का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर ही फायर टेंडर, हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म, वाटर मिस्ट बाइक आदि को चलवाकर देखा और इसके साथ ही दमकल कर्मियों, घटना व आपातकाल दुर्घटना से निपटने के लिए भी 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान फायर एक्स टिंग्विशर की कार्यक्षमता, फायर डिटेक्शन सिस्टम की स्थिति, फायर एग्जिट की उपलब्धता, प्रवेश और निकास संकेतकों की दृश्यता तथा बिजली की वायरिंग की हालत जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं की जांच की गई। साथ ही सभी कमियों को जल्द से जल्द दूर कर फायर सेफ्टी मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री प्रेम कुमार साहू, फायर अधिकारी संतोष सोनोने, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर श्याम श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

## डॉ. मुखर्जी मंडल ने मनाया विधायक चिटनिस का जन्मदिन





**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल बुरहानपुर द्वारा प्रदेश भाजपा प्रवक्ता, पूर्व केबिनेट मंत्री एवं विधायक श्रीमती अर्चना चिटनीस दीदी का उनके जन्मदिवस पर भव्य स्वागत किया गया। मंडल के समस्त पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ता भारी संचख्या में मां वाघेश्वरी देवी धाम ग्राम धामनगाव पहुचे और साफा बांध कर, चुनरी एवं तलवार भेट की।

इस अवसर पर ढ़ोल नगाडो के साथ जमकर आतिशबाजी की गई तथा फूलों की माला पहनाकर पुष्पवर्षा की गई। इस दौरान मंडल पदाधिकारीयों सहित सेकडो कार्यकर्ता बंधुओं ने शुध्द छांछ का वितरण भी किया। मंडल अध्यक्ष रवीन्द्र काकडे के नेतृत्व में विजय शेवाडे, राजकुमार वाघ, दिलीप दिवेकर, श्याम सिरसट, मंडल महामंत्री जगदीश सोनावणे, नीलेश सोनी, उपाध्यक्ष रजत भारद्वाज, सुनील भीसे, गौरव शिवहरे, धनराज महाजन, युवराज महाजन, कोषाध्यक्ष प्रसाद उमाले, आलोक मिश्रा, आकाश जेन, महेन्द्र सिरतुरे, नंदु भाई, सुरेश पवार सर, मुकेश जी सोनी, धर्मेंद्र जी पटेल, दिनेश पवार, रीना महाजन, दीपिका सोनी, संध्या कदवाने सहित अन्य बडी संख्या में कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## वाहन रैली का युवा कांग्रेस ने किया स्वागत



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** मराठा सेवा संघ द्वारा जय जिजाऊ जय शिवाजी जिजाऊ ब्रिगेड द्वारा आयोजित वाहन रैली का युवा कांग्रेस द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष हर्षित ठाकुर जिला प्रवक्ता निखिल खंडेलवाल युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अर्जुन, विधानसभा अध्यक्ष देवेश्वर सिंह, जिला अध्यक्ष सोराब कुरैशी, भावेश, अश्विन, अजय, शुभम, सागर, सार्थक, मुरली, आयुष, अनुज, सिद्धार्थ, निर्मित एवं भारी संख्या में युवा बल उपस्थित रहा।

## 105वें उर्स में शामिल हुए हजारों लोग



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** मदीनतुल औलिया बुरहानपुर में सिलसिला.ए.आलिया क़ादरिया शत्तारिया के सूफी बुजुर्ग हस्तियों में सर्व श्री हज़रत चुपशाह वली रहमतुल्लाह अलैह, दादा पीर शाह सादुल्लाह मियां रहमतुल्लाह अलैह, अलहाज मसऊद शाह मदनी बाबा रहमतुल्लाह अलैह, हाजी हाफ़िज़ मुस्तकीम शाह मदनी रहमतुल्लाह अलैह का 105 वा दो दिवसीय उर्स ए मुबारक सम्पन्न हुआ। दरगाह हज़रत चुपशाह वली के सज्जादा नशीन, गद्दी नशीन व मुतावल्ली हाजी मोहम्मद यूनुस शाह मदनी की सरपरस्ती और निगरानी में उर्स आयोजित किया गया।

उक्त जानकारी देते हुए दरगाह से जुड़े विनम्र सेवक डॉक्टर महबूब अंसारी ने बताया कि प्रथम दिन 27 मार्च शुक्रवार को संदल शरीफशाम 4 बजे दरगाह से निकलकर मंडीबाजार होते हुऐ वापस दरगाह में पेश किया गया व मेहफिल.ए.मीलाद रात 10 बजे से हुई स द्वितीय दिन 28 मार्च बरोज शनिचर कुल शरीफबाद नमाज फजर व फातेहा खानी में सभी के लिए व देश में अमन चैन के लिए दुआ की गई, उसके पश्च्यात लंगर.ऐ.आम;भंडारा आयोजित किया गया। डॉ.मसूद ने बताया कि शहर के सभी सिलसिले के मुरीदों, श्रद्धालु और आस्था रखने वाले बंधुओं से दो दिवसीय उर्स में शिरकत की और फैज़ से लाभान्वित हुए। अब्दुल हन्नान ने अवगत कराते हुए बताया की नगर निगम बुरहानपुर, पुलिस प्रशासन, ग्राम पंचायत एमागिर्द का काफी सरहनीय सहयोग रहा। इस अवसर पर जनपद सदस्य मुशर्रत हुसैन मदनी, परवेज सलामत साहब, मो.शफीक, मो.फारुक, सलीम अशरफी, हाफिज फैजान सहित अन्य दरगाह कमेटी सदस्य उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने की कार्यों की प्रगति की समीक्षा, समय पर पूरा करने के निर्देश



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** जिले में जनगणना 2027 का कार्य दो चरणों में संपादित किया जाना है। इसके अंतर्गत प्रथम चरण में मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 मई से 30 मई के मध्य संपादित किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण कार्य को सुचारू एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियाँ की जा रही हैं।

इसी कड़ी में शनिवार को कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी हर्ष सिंह ने चार्ज एवं अतिरिक्त चार्ज अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समय.सीमा में पूर्ण किए जाएं तथा जनगणना से संबंधित प्रत्येक गतिविधि को गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ संपादित किया जाए। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति एवं उनकी जानकारी की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि संबंधित पोर्टल पर प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों की सूची अपलोड की जाएं। उन्होंने चार्ज अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें तथा सभी कार्य सावधानीपूर्वक, त्रुटिरहित एवं नियमानुसार संपन्न कराए जाएं, कार्यों में लापरवाही न बरते।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने जिले में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि सभी प्रशिक्षण निर्धारित समय.सीमा में पूर्ण किए जाएं। इस अवसर पर उन्होंने मकानसूचीकरण ब्लॉक के गठन एवं मैपिंग की भी समीक्षा की। जनगणना 2027 के तहत जिले में 29 फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण 1 से 3 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा, वहीं प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण 8 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होगा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर श्री सृजन वर्मा, डिप्टी कलेक्टर राजेश पाटीदार, जिला योजना अधिकारी लूसिया रावत सहित अन्य मौजूद थे।

## सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर पुलिस ने किया साइक्लोथोन आयोजित



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** जिला बुरहानपुर में दिनांक 28 मार्च को सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर बुरहानपुर पुलिस द्वारा जिले में साइक्लोथोन रैली का सफल आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

साइक्लोथोन रैली को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया एवं वे स्वयं भी रैली में शामिल हुए। रैली जय स्तंभ चौराहे से प्रारंभ होकर शनवारा चौराहाए सिंधी बस्ती चौराहा होते हुए लालबाग सागर टावर पर समाप्त हुई। इस साइक्लोथोन का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश देना रहा।कार्यक्रम का आयोजन जिले के शहरी एवं ग्रामीण थाना क्षेत्रों में भी किया गयाए जिससे व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित हुई।

रैली में रक्षित निरीक्षक सुनील दीक्षित, थाना प्रभारी कोतवाली, शिकारपुरा, लालबाग, गणपति नाका, यातायात सहित थाना स्टाफ साथ ही ग्राम एवं नगर सुरक्षा समिति के सदस्य, एनसीसी कैडेट्स एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बुरहानपुर पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई कि वे स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं।

एक नजर

मां वाघेश्वरी ग्रामोदय मेला 2026 का भव्य समापन .आस्था...

## नौ दिनों तक चले मेले में आस्था, सामाजिक समरसता और ग्रामीण विकास की दिखी झलक

### संस्कृति और जनसेवा का अद्वितीय संगम





**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम धामनगांव में आयोजित मां वाघेश्वरी ग्रामोदय मेला 2026 27 मार्च श्रीराम नवमी देर रात को अत्यंत भव्य, श्रद्धामय और भाव. विभोर वातावरण में समापन हुआ। नौ दिनों तक चले इस विराट आयोजन ने क्षेत्र में आस्था, सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक समरसता और ग्रामीण विकास का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। समापन पर भव्य भक्ति संध्या में विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस के सान्निध्य में हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**भक्ति संध्या में अरुण मनी लख्खा की अद्भुत प्रस्तुति ने बांधा समां :-** भक्ति संध्या की मुख्य आकर्षण सुप्रसिद्ध भजन गायक अरुण मनी लख्खा की ओजपूर्ण एवं भावपूर्ण प्रस्तुति रही। जैसे ही उन्होंने मंच संभाला, पूरा वातावरण भक्ति रस में डूब गया। उनकी गूंजती हुई आवाज और भावपूर्ण प्रस्तुति ने ऐसा आध्यात्मिक वातावरण निर्मित किया कि श्रद्धालु अपने स्थान पर टिक नहीं पाए और भक्ति में झूम उठे। श्श्री राम आए हैंश् भजन की प्रस्तुति के दौरान पूरा पंडाल श्जय श्री रामश् के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो स्वयं प्रभु श्रीराम का आगमन हो गया हो और पूरा वातावरण राममय हो गया हो। इसके बाद मुझे चढ़ गया भगवा रंग जैसे जोशपूर्ण भजन ने युवाओं और श्रद्धालुओं में नई ऊर्जा का संचार कर दिया। श्रद्धालु हाथों में भगवा ध्वज लेकर नृत्य करते नजर आए और पूरा परिसर भक्तिरस और उत्साह से सराबोर हो गया। श्री मनी लख्खा ने अपने कार्यक्रम में भक्ति, राष्ट्रभावना और सनातन संस्कृति का अद्भुत समन्वय प्रस्तुत किया। उनके भजनों में केवल संगीत ही नहीं, बल्कि आध्यात्मिक ऊर्जा, संस्कार और समाज को जोड़ने का संदेश भी स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। उनकी प्रस्तुति के दौरान हजारों श्रद्धालु देर रात तक भक्ति में लीन होकर झूमते रहे, जिससे यह भक्ति संध्या मेले की सबसे यादगार और आकर्षक प्रस्तुति बन गई।

मेले की शुरुआत 19 मार्च गुड़ी पड़वा को भव्य दिंडी पदयात्रा के साथ हुई थी। इन 9 दिनों में मेले के दौरान प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कीर्तन, भजन संध्या, पारंपरिक प्रस्तुतियां और लोक.कलाकारों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। विशेष रूप से आयोजित पारंपरिक कांटा कुश्ती दंगल एवं कबड्डी ने ग्रामीण खेल परंपरा को जीवंत करते हुए दर्शकों में खास उत्साह पैदा किया।

**खेल प्रतियोगिताओं में दिखा जबरदस्त उत्साह:-** मेले के अंतर्गत प्रतिदिन खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गयाए जिसमें कबड्डी एवं क्रिकेट प्रतियोगिताएं प्रमुख रहीं। कबड्डी प्रतियोगिता में कुल 24 टीमों ने भाग लिया, जिसमें शिव मुद्रा संग्रामपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिवनेरी अड़गांव द्वितीय एवं प्रताप मंडल लालबाग तृतीय स्थान पर रहे। विजेता टीमों को क्रमश: 31,000/- रुपए, 21,000 रुपए एवं 11,000 /- रुपए की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। वहीं क्रिकेट प्रतियोगिता में 75 टीमों ने भाग लियाए जिसका फाइनल मुकाबला शेष है।

**रक्तदान शिविर में उमड़ा जनसेवा का भाव:-** श्रीमती चिटनिस के मार्गदर्शन में मां वाघेश्वरी ग्रामोदय मेले के अंतर्गत आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। साथ ही स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में भी लोगों ने लाभ लिया। यह आयोजन सामाजिक सेवा और मानवता का प्रेरणादायी उदाहरण बना।

**ग्रामीण बाजार और मनोरंजन बने आकर्षण का केंद्र:-** मेले में लगे हस्तशिल्प एवं वस्त्र बाजार में पारंपरिक उत्पादों की विशेष मांग रही। झूले, मनोरंजन गतिविधियां एवं चौपाटी में सजे विविध व्यंजनों ने परिवारों और बच्चों के लिए विशेष आकर्षण पैदा किया।

**किसानों के लिए ज्ञान का मंच:-** मां वाघेश्वरी ग्रामोदय मेला अंतर्गत श्रीमती अर्चना चिटनिस के मार्गदर्शन में कृषि आधारित कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को आधुनिक खेती, प्राकृतिक कृषि और उन्नत तकनीकों की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों के मार्गदर्शन ने किसानों को नई दिशा प्रदान की। इसमें देशभर के कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में विधायक एवं पूर्व प्रदेश महामंत्री भगवान सबनानी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

समापन अवसर पर श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि मां वाघेश्वरी की कृपा से मेला केवल आस्था का उत्सव नहींए बल्कि समाज को प्रकृति और पर्यावरण से जोड़ने और विकास की दिशा देने का माध्यम है। इन 9 दिनों में भक्ति के साथ.साथ जनसेवा, स्वास्थ्य, खेल और किसान कल्याण के विविध आयामों को आगे बढ़ाया गया है। मेरा संकल्प है कि यह मेला आगे भी समाज में संस्कारए सेवा और स्वावलंबन का संदेश देता रहे। आप सभी का प्रेम और विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी शक्ति है। मैं सभी का हृदय से आभार व्यक्त करती हूं।

**आस्था, संस्कृति और विकास का संगम:-** मां वाघेश्वरी ग्रामोदय मेला आज एक सशक्त मंच बन चुका है, जहां धर्म, संस्कृति, खेल और विकास का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। मेले के सफल आयोजन पर श्रीमती चिटनिस ने सभी श्रद्धालुओं, जनप्रतिनिधियों, कलाकारों, प्रशासन एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। भव्य समापन के साथ यह मेला क्षेत्रवासियों के लिए आस्था, ऊर्जा और प्रेरणा का संदेश देकर सम्पन्न हुआ।